## खबर संक्षेप

### भरभरा आश्रम में विशाल संत समागम आज

**उमरियापान।** संतश्री बनवारी दास महाराज के सानिध्य में आज 1 जनवरी को उमरियापान के समीपस्थ भरभरा आश्रम में विशाल संत समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सम्मिलित होने रविवार से ही आसपास व दूरदराज क्षेत्रों से संतो का आश्रम पहुँचना शुरु हो गया है। इस अवसर पर विशेष पूजन, भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण सहित कार्यक्रम किए जाएंगे। उल्लेखनीय है भरभरा आश्रम में पिछले कई वर्षों से उक्त कार्यक्रम किया जा रहा है।

### नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्यवाही




**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में रविवार को यात्री बस संचालकों , स्कूल बस संचालकों एवं आटो रिक्शा व ई- रिक्शा चालकों की बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यात्री बसों के वैध दस्तावेजों, परमिट, फिटनेस, बीमा, पी.यू.सी, चालक एवं परिचालक लायसेंस के साथ क्षमता के अनुसार बसों के संचालन हेतु बस संचालकों को निर्देशित किया गया। बसों मे अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एडबॉक्स, बस की बिंड स्क्रीन पर बस मालिक व दस्तावेजों की जानकारी चस्पा करने एवं इमरजेंसी दरवाजा अनिवार्य रूप से हाने के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। आटो रिक्शा वैध दस्तावेजों के साथ निर्धारित किये गये 6 मार्गो पर ही संचालित हो उक्त के संबंध में आटो रिक्शा संचालकों को निर्देशित किया गया। स्कूल बसों के संबंध में माननीय सुप्रीप कोर्ट की गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाये। मोटरयान अधिनियम 1988 व नियमों का पालन नहीं किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, थाना यातायात प्रभारी व थाना प्रभारी कोतवाली,कुठला, माधवनगर थाना प्रभारी, मिश्रा ट्रेवल्स, विजय ट्रेवल्स, शक्ति बस, सद्भावना बस संचालक एवं आटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत बस संचालकों व आटो रिक्शा चालकों को अग्निशमन यंत्र के उपयोग किये जाने के संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

### राधाकृष्ण मंदिर बांधा में होंगे धार्मिक आयोजन



**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर बांधा में नूतन वर्ष 01 जनवरी 2024 का स्वागत भजन, भंडारा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जावेगा। प्रातः 11 बजे से श्री सद्भावना भजन मंडल हरदुआ कटनी एवम श्री बजरंग भजन मंडल बिरुहली के साथ अन्य क्षेत्रीय भजन गायकों की उपस्थिति में भक्ति भावमय में सुंदर सुंदर भजन श्रृंखला सायं 8 बजे तक जारी रहेगी। प्रातः से ही प्रसाद वितरण प्रारंभ होगा। सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी की भव्य महाआरती सुगंधित धूपों के साथ होगी। श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, सतेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, मनोज पाठक, राघवेंद्र दुबे, पप्पू पाठक, ओमप्रकाश दुबे, संकल्प मिश्रा, बड्डू सिंह, शैलेंद्र विश्वकर्मा, बहादुर कुशवाहा आदि ने समस्त धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर में जगह-जगह तैनात रहा पुलिस बल

# मध्यरात्रि से ही नये वर्ष की शुरूआत के साथ बधाईयों का चलने लगा सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रविवार की मध्यरात्रि से ही नये वर्ष 2024 का आगाज हो गया। युवा वर्ग ने रात्रि में भी दोस्तो संग नये वर्ष का स्वागत किया। ठंडे मौसम और पुलिसिया सख्ती की वजह से ज्यादा हो-हल्ला और धमाल नहीं कर पाये। आज 1 जनवरी को नये वर्ष पर हर उम्र के लोगों ने अपने-अपने स्तर पर नववर्ष को सेलीब्रेट करने तैयारियां कर रखी हैं। कहीं भजन-कीर्तन के साथ नववर्ष उत्सव मनाया जाएगा तो कहीं पार्कों में पार्टी का प्रोग्राम बनाया गया है। नये वर्ष के जश्न के साथ बीते वर्ष की विदाई होगी और नए वर्ष का अभिनंदन किया जाएगा। होटल व रेस्तरां में नववर्ष को लेकर खासी तैयारियां की गई हैं, खास तरह के लजीज व्यंजन बनाये गए है। घरों में भी नववर्ष को लेकर उत्साह का माहौल है। सुबह से ही लोगों ने अपने अपने हिसाब से जश्न मनाने योजना बना रखी है। आज 1 जनवरी 2024 को लेकर नगर के धार्मिक स्थलों, पिकनिक




स्पॉट व होटलों में खासी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

#### युवाओं में दिख रहा उत्साह

नए साल के आगमन को लेकर सबसे ज्यादा युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बीते वर्ष को विदाई देने और नये के स्वागत के लिए हर वर्ग तैयारी में जुटा है। न्यू ईयर को देखते हुए बाजारों में युवक-युवतियां की भीड़ नजर आ रही है। ग्रिटिंग कार्ड व अन्य गिफ्ट सेंटरों पर विभिन्न रेंज उपलब्ध हैं। हालांकि कड़ाके की सर्दी इसमें विघ्न डाल रही है, लेकिन युवाओं में जोश है। युवा नए साल का जश्न मनाने के लिए नए-नए तरीके भी अपना रहे हैं।

#### सोशल मीडिया में रहे सक्रिय

रविवार की रात्रि 12 बजे के साथ ही नए साल के आगमन के साथ सोशल मीडिया में बधाई संदेशों का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह से बाजार में गिफ्ट व अन्य प्रकार के उत्पाद खरीदने की होड़ सी मची है। दुकानों व गिफ्ट सेंटरों पर भी ग्रिटिग कार्ड व गिफ्ट आदि की भी विभिन्न रेंज उपलब्ध है। युवाओं द्वारा अपने-अपने अंदाज में 2023 को अलविदा कहा। सोमवार की सुबह से दुकानों पर कार्ड व अन्य उत्पादों को खरीदने के लिए भीड़ नजर आएगी। नव वर्ष पर मंदिरों, गुरुद्वारे में भी प्रार्थना की जाएगी। कई भक्त रात्रि जागरण और भजन-कीर्तन के साथ नववर्ष का स्वागत करेंगे।

#### पुलिस रही सक्रिय, हुई चेकिंग

नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराबखोरी, हुल्लड़बाजी रोकने तथा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। नये वर्ष के जश्न में होटलों में होने वाली पार्टियों पर भी पुलिस की नजर आई। नव वर्ष के स्वागत पर धमाल मचाने वालों पर कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। नये वर्ष की मस्ती और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच करने के लिए जगह-जगह चेकिंग अभियान चलाया गया।



## सीएसपी ने जाग्रति पार्क में पहुंचकर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नव वर्ष पर्व को देखते हुए पार्कों में बढ़ी भीड़ को ध्यान में रखते हुए रविवार को नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा दलबल के साथ जागृति पार्क पहुंची और वहां मौजूद लोगों से मुलाकात करते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि नववर्ष की खुशियां मुस्कुराते हुए परिवार के साथ हंसी खुशी मनाएं। पुलिस आपके आसपास ही मौजूद है।

#### बिना भय के आनंद उठाएं

इस दौरान उन्होंने पार्क में घूम रहे संदेहियों को फटकार भी लगाई। पार्क निरीक्षण के दौरान बातचीत करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा ने कहा कि नववर्ष के कारण नगर के पार्कों में परिवार के साथ लोगों का पहुंचना हो रहा है। पार्कों में भीड़भाड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है, साथ ही लोगों को यह भी आश्वस्त किया जा रहा है कि वह बिना किसी भय के आनंदपूर्वक नववर्ष का आनंद उठाएं।

पार्क निरीक्षण के दौरान कुछ संदेहियों को फटकार लगाते हुए उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा की किसी भी तरह की गलत गतिविधियों में अगर पकड़े गए तो बक्सा नहीं जाएगा।

निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मिश्रा के साथ माधव नगर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता एवं माधव नगर थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए दिये गए निर्देश

## फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेषित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्री-रिवीजन कार्यवाही एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि अनुसार पंजीयन से शेष वंचित मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिये पुनरीक्षण संबंधी निर्देश दिए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार 5 जनवरी 2024 तक प्री-रिवीजन गतिविधियों के तहत मतदान केन्द्रों की पुनः व्यवस्था एवं अनुभागों का गठन, मतदाता सूची, ईपीआईसी में विसंगतियों को दूर करने की कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान जहां भी आवश्यक हो, रोल में धुंधली, खराब गुणवत्ता वाली और विशिष्टताओं के अनुरूप नहीं तथा रोल में गैर-मानवीय छवियों को प्रतिस्थापित करके, अच्छी गुणवत्ता वाली तस्वीरों को सुनिश्चित करते हुए छवि गुणवत्ता में सुधार किया जायेगा। अनुभागों, भागों का पुनर्गठन और मतदान केंद्रों के अनुभाग, भाग सीमा स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केंद्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। अंतरालों की पहचान करना और ऐसे अंतरालों को पाटने के लिए रणनीति और समय-सीमा को अंतिम रूप देना और नियंत्रण तालिका का अद्यतीकरण एवं प्रारूप 1 से 8 की तैयारी के साथ ही अर्हता तिथि के रूप में 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने की कार्यवाही की जायेगी।

#### 8 फरवरी को अंतिम प्रकाशन

रिवीजन गतिविधियों के अंतर्गत शनिवार 6 जनवरी को एकीकृत निर्वाचन प्रारूप नामावली का प्रकाशन किया जायेगा तथा 6 जनवरी से 22 जनवरी तक दावा एवं आपत्ति भरने की तिथि निर्धारित की गई है। 2 फरवरी को दावे एवं आपत्तियों को निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी। 6 फरवरी 2024 को निर्धारित मापदंडों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही के साथ ही डेटाबेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई का कार्य किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा।

आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी के मान से निर्धारित फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में सभी आवश्यक कार्यवाहियां निर्धारित समय-सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

## कार्यवाही कर 2 लाख 31 हजार की शराब जब्त



आबकारी अमले ने आबकारी वृत्त बहोरीबन्द के करहैया, रैपुरा, कैमोरी एवं ग्राम ढुठरीहार में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के यहां दबिश दी जाकर कार्यवाही की गई। जिसमें आबकारी की टीम ए द्वारा कुल 2300 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्ती की गई। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन एवं मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 2 लाख 31हजार 500 रूपये है। दबिश के दौरान कुल 04 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत पंजीबद्ध किये गये।

## 5 पंचायतों में पहुंची संकल्प यात्रा हितग्राहियों को किया लाभांवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रविवार को जिले की 3 जनपद पंचायतों की 5 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने सहभागिता की। जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत कछगवां देवरी में यात्रा के दौरान विधायक संदीप जायसवाल सहित व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक ने विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ का वितरित किया और ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आदिवासी बस्ती में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सी सी सड़क का भूमिपूज भी ग्रामवासियों की उपस्थिति में विधायक जायसवाल के हस्ते संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों को देश को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने का संकल्प भी विधायक संदीप जायसवाल ने दिलाया। उन्होंने शिविरों में केंद्र शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया।

बहोरीबंद में यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत जुझारी में ड्रोन के माध्यम में खेत में नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कृषकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रमों के दौरान आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि की जानकारी दी जाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार 31 दिसम्बर को जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत मवई व जुझारी, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत कछगवां व गेतरा, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत बंजारी पहुंची। रथों का कलश यात्रा से पूजा कर स्वागत किया गया।

### महापौर ने कहा कोई भी समस्या हो मुझसे संपर्क करें

## विवेकानंद वार्ड में 15 लाख के विकास कार्यों की महापौर ने रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा नगर की जनता से किये गये विकास और निर्माण कार्यों के वादे को निभाने में कोई कसर नहीं छोडी जा रही है महापौर द्वारा निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता पर भी भरपूर ध्यान दिया जा रहा है।

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की गरिमामयी मौजूदगी में रविवार को विवेकानंद वार्ड स्थित एटीएम गली में 15 लाख की लागत से बनने वाली 500मीटर नाली निर्माण का भूमि पूजन किया। इस मौके पर एम आईसी मेंबर जय नारायण निषाद शशिकांत तिवारी शिब्बू साहू सीमा श्रीवास्तव वार्ड पार्षद सुरेन्द्र गुप्ता अधिवक्ता की उपस्थिति रही। महापौर ने वार्ड की वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमति बिमला खम्परिया से भूमि पूजन करवाया।

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड के नागरिकों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से



समझौता नहीं किया जायेगा।निर्माण कार्यों में जनहित है वे किसी भी समय निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचेगी।

उन्होंने आमजनों से कहा कि वार्डों की समस्या हो अथवा निगम से संबंधित कार्य लोग सीधे निगम में उनसे बातचीत कर सकते है शिकायत कर सकते है।

भूमि पूजन के मौके पर वार्ड के नागरिकों में गनेश परोहा अमर खप्परिया अजय शर्मा झल्लू दाहिया नरेश परौहा उत्तम चौहान सिरजा बर्मन विनोद सेन कल्लू दाहिया सुरेन्द सेन पण्डा जी महेन्द सिह पप्पू गोटिया मुन्ना भाईजान अमीन भाइजान दिनेश तिवारी दिनेश बर्मन कमलेश पाण्डे की उपस्थिति रही।

### महापौर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा

## राजस्व लक्ष्य निर्धारित कर शत -प्रतिशत वसूली करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की गरिमामयी मौजूदगी में महापौर कक्ष में राजस्व विभाग बाजार शाखा जलकर शाखा संपदा शाखा की एक आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की।

बैठक में महापौर ने राजस्व विभाग अधिकारियों से 2022-23 में (सम्पत्ति कर समेकितकर शिक्षा उपकर स्वच्छता उपकर) से कितनी वसूली राजस्व अर्जित करने की जानकारी मांगी तथा वर्ष 2023-24 का निर्धारित लक्ष्य तय करने एवं आज दिनांक तक कितना राजस्व प्राप्त हो चुका है। और जो लक्ष्य में बाकी रह गया है उसकी स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिये।महापौर ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से इस वर्ष कितना राजस्व निगम को प्राप्त हुआ।महापौर ने बैठक में कहा कि निगम सीमा में कितने भवन स्वामी की संख्या दर्ज है और उनमें से घरेलू व्यवसायिक औद्योगिक अलग- अलग पंजी है और कितना



कितना कर प्रतिवर्ष बनता है बिंदुवार जानकारी एकत्रित की जाये उन्होंने कहा कि जो लोग लंबे समय से कर जमा नहीं कर रहे है उन्हें कर जमा करने के लिए प्रेरित करें ।

महापौर ने राजस्व अधिकारियों से हर वार्ड में ए.आर.आई. की व्यवस्था लगभग हो चुकी है तो भी वसूली और बिलों का वितरण ठीक से हो रहा है या नहीं इस संबंध में जानकारी मांगी।

महापौर ने बाजार शाखा विभाग अधिकारियों से कहा कि नगर निगम की कुल कितनी दुकानें है और कहॉ-कहॉ है और इनकी स्थिति क्या है क्या कोई दुकान खाली है तो उसकी जानकारी प्रदान की जाये।

दुकानें ट्रांसफर होने के संबंध में क्या नियम है नियमों के तहत कितनी दुकानों का ट्रांसफर किया गया।दुकानों से प्राप्त होने वाली किराये की आय या अन्य आय के संबंध में भी महापौर ने जानकारी मांगी।

महापौर ने सम्पदा शाखा अधिकारियों की बैठक में कहा कि नगर निगम की सम्पत्ति की जानकारी कहॉ-कहॉ है और किस स्थिति में है इनकी जानकारी दी जाये।

महापौर ने जलकर शाखा अधिकारियों से कहा कि पूर्व वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में जलकर की कितनी वसूली की गई। नगर निगम सीमांतर्गत कुल कितने नल कनेक्शन हैं।

बैठक के दौरान महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभाग में कार्यरत आउट सोर्स कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करने शत-प्रतिशत वसूली कराने के निर्देश दिये गये।

बैठक में एमआईसी सदस्य सुभाष शिब्बू साहू बीना बैनर्जी शशिकांत तिवारी पार्षद सीमा श्रीवास्तव प्रभा गुप्ता सुमित्रा रावत सुरेन्द्र गुप्ता उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहायक यंत्री सुधीर मिश्रा सुनील सिंह एवं विभागों के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## आगे आए लोग, 249 यूनिट रक्तदान का दिया योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रक्तदान के माध्यम से पीडित मानवता की सेवा हेतु लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान करने के कलेक्टर के रक्तदान महादान प्रकल्प में भागीदारी की कलेक्टर अवि प्रसाद की अपील का सकारात्मक असर हुआ है। कटनी वसियों ने कलेक्टर की अपील के बाद अब तक 249 यूनिट रक्त दान कर जरूरतमंदों की सेवा के लिए योगदान दिया है।

बैठक के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिला चिकित्सालय मे उपलब्ध ब्लड की ग्रुपवार जानकारी का विवरण नगर के सुगम स्थल में करानें की जानकारी दिये जाने के लिए डिस्प्ले सक्रीन बोर्ड की व्यवस्था करने की जानकारी दी इस पर उपस्थित समस्त जनों द्वारा उक्त प्रस्ताव का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया था। कलेक्टर द्वारा दिये गए निर्देश के बाद नागरिकों की सुविधा और जरूरतमंदों के लिए जिला चिकित्सालय अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड गुरपवार रक्त की उपलब्धता की जानकारी अब लोग बिना अस्पताल गये नगर निगम कार्यालय के प्रवेश द्वार कमांक 1 में लगी एल.ई.डी स्क्रीन में जिला चिकित्सालय में ग्रपवार रक्त की उपलब्धता एवं शिविरों के दौरान रक्तदान करने वाले रक्तदाताओ का नाम भी प्रसारित किया जा रहा है।

बीते दिनों कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कटनी के संगठनों, राजनैतिक दलों, स्वयंसेवी संगठनों, चिकित्सकों, सी.ए, मीडिया कर्मियों, समाज सेवियों और शिक्षाविदों ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए रक्तदान करने का संकल्प दोहराया था ।

## खबर संक्षेप



### भुड़सा के संगम घाट में उमड़ता है जनसैलाब

**बड़वारा।** नव वर्ष मनाने के लिए लोग दर्शनीय स्थलों व बड़े बड़े पार्कों में खुशियां मनाने जाते हैं जहां पर जाकर लोग अपने मित्रों अपने परिवार के साथ जाकर पिकनिक मनाकर आनन्दित होते हैं। नया वर्ष 2024 मनाएं प्राकृतिक सौंदर्य के साथ जिले में एक से बढ़कर एक स्थान है जहाँ के प्राकृतिक नजारों को देखकर लोग खिंचे चले आते है उन्ही स्थानों में से एक बड़वारा तहसील के अंतर्गत ग्राम भुड़सा का संगम घाट है जहाँ प्रकृति के विविध रूप देखने को मिलते है यहाँ प्रकृति का अनुपम नजारा है यह स्थान हूबहू जबलपुर के भेड़ाघाट से मिलता है जो कि न्यू-ईयर सेलीब्रेट करने के लिए बेहद खास है और यहाँ के मंदिर एवं परिसर आपके न्यू-ईयर को रोमांच से भर देंगे।

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना

**कटनी।** असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिगत केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। इस योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगा एवं उतनी ही राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी। योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कामन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के समय श्रमिक को आधार कार्ड एवं बैंक खाता नंबर अनिवार्य रूप से देना होगा। प्रीमियम की प्रथम किशत श्रमिक के आयु वर्ग के अनुसार 55 से 200 रूपये कॉमन सर्विस सेंटर में नगद जमा की जाएगी।

### सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण 2 जनवरी को

**कटनी।** स्थानीय निर्वाचन उत्तरार्ध अंतर्गत 5 जनवरी 2024 को मतदान संपन्न होना है। मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व से मतदान दिवस की रात्रि तक मतदान दलों की पहुंच एवं वापसी, प्रति दो घंटे का मतदान प्रतिशत, माकपोल, पोल प्रारंभ एवं समाप्ति की सूचना हेतु सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन 2 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे से जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम के कक्ष क्रमांक 99 में आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थानीय निर्वाचन उत्तरार्ध हेतु नियुक्त समस्त सेक्टर अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### कोहरे ने लगाया ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक

**कटनी।** कोहरे के कारण ट्रेन से लेकर सड़क मार्ग के वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहन चालक सुबह के समय हेड लाइट जलाकर वाहनों को चला रहे थे। कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा दिया। कोहरे की वजह से उत्तर भारत की ओर से आने वाली यात्री ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही थी। गोरखपुर से पुणे तक जाने वाली ट्रेन अपने निर्धारित समय 5 बजकर 20 मिनट से पांच घंटे, दानापुर से पुणे तक जाने वाली सुपर एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय 9 बजे से ढाई घंटे, जयनगर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक जाने वाली पवन एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 7 बजकर 35 मिनट से तीन घंटे और बनारस से कोयम्बटूर तक जाने वाली स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय 7 बजकर 10 मिनट से 4 घंटे देरी से चल रही थी।

## कलेक्टर ने साइबर तहसील व्यवस्था की व्यापक जानकारी देने दिये निर्देश

# नये साल से साइबर तहसील व्यवस्था होगी प्रारंभ, इंतजार व भटकाव से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राजस्व प्रशासन सुधार में साइबर तहसील व्यवस्था से नागरिकों के हित में अभूतपूर्व परिवर्तन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेशव्यापी साइबर तहसील व्यवस्था की शुरुआत सोमवार एक जनवरी को खरगोन जिले से करेंगे। कलेक्टर अवि प्रसाद ने यहां इस संबंध में सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा खरगोन जिले से किये जाने वाले साइबर तहसील व्यवस्था के शुभारंभ कार्यक्रम का स्थानीय स्तर पर प्रसारण सी एम इवेंट वेब-कास्टिंग के माध्यम से करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। ताकि आमजन साइबर तहसील माड्यूल के संबंध में जान सकें।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने साइबर तहसील व्यवस्था के बारे में लोगों को व्यापक जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। साइबर तहसील व्यवस्था से राजस्व प्रकरणों का निराकरण अत्यंत कम समय में हो जाएगा। भू-अभिलेखों में अमल के बाद सभी भू-अभिलेखों एवं आदेशों की सत्यापित प्रतिलिपि सम्बंधित पक्षकार को मिल सकेगी। अब अनावश्यक रूप से लंबित रहने वाले प्रकरणों का कम से कम समय में गुणवत्तापूर्ण निराकरण हो सकेगा।

### कैसे होगा काम

साइबर तहसील में पंजीयन से नामांतरण तक की सभी प्रकिया लागू कर दी गई हैं। साइबर तहसील को चार अलग-अलग प्लेटफार्मों जैसे संपदा पोर्टल, भूलेख पोर्टल, स्मार्ट एप्लीकेशन फार रेवेन्यू एप्लीकेशन (SARA) पोर्टल और रेवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम (RCMS) पोर्टल से जोड़ दिया गया है। सायबर तहसील में ऐसे सभी प्रकरणों का निराकरण होगा जो संपूर्ण खसरा से संबंधित हो। जिसे विभाजित नहीं किया गया एवं ऐसी जमीन, जो किसी प्रकार से गिरवी या बंधक न रखी गई हो। पोर्टल पर पंजीयन करने और रजिस्ट्री के बाद रेवेन्यू पोर्टल पर स्वतः केस दर्ज हो जाएगा। इसके बाद सायबर तहसीलदार द्वारा जाँच की जाएगी। सूचना के बाद इश्तेहार एवं पटवारी रिपोर्ट के लिए मेमो जारी किया जाएगा। इसके बाद आदेश पारित कर भू-अभिलेख को अपडेट किया जाएगा।

### कौन से प्रकरण निराकृत होंगे

साइबर तहसील में ऐसे मामलों का निराकरण (नामांतरण) किया जा रहा है, जिसमें संपूर्ण खसरा नंबर या संपूर्ण प्लॉट समाहित है और किसी भी खसरा या प्लॉट का कोई विभाजन नहीं है।

### साइबर तहसील के लाभ

रजिस्ट्री के बाद बिना आवेदन किये नामांतरण का प्रकरण दर्ज हो जाता है। इस प्रक्रिया में क्रेता और विक्रेता को नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय में उपस्थित होने या पेशी पर आने की जरूरत ही नहीं होती।संपूर्ण प्रक्रिया फेसलेस एवं पेपरलेस है। संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी है। इसमें कोई भी मानवीय हस्तक्षेप नहीं है। क्रेता-विक्रेता तथा ग्राम के सभी निवासियों को नोटिस एसएमएस से मिलता है। नोटिस आर सी एम एस पोर्टल पर भी पर भी दिखता है। ऑनलाइन आपत्ति दर्ज की जा सकती है। अंतिम आदेश की कॉपी ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदक को मिलेगी। आदेश पारित होते ही भू-अभिलेखों (खसरे,नक़्शे) में स्वतः सुधार हो जाता है। आदेश एवं राजस्व अभिलेखों में अमल की प्रक्रिया सरकारी छुट्टियों को छोड़कर 15 दिनों में पूरी हो जाएगी। इस व्यवस्था ने क्षेत्राधिकार की सीमाओं को भी समाप्त कर दिया है। इस प्रणाली से रियल टाइम में भू-अभिलेख अपडेट किए जाने की अनूठी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे पटवारी का हस्तक्षेप भी नहीं रहेगा। पटवारी रिपोर्ट ऑनलाइन जमा कराने की सुविधा है। कम से कम समय में निराकरण होगा। पहले इन प्रक्रियाओं में औसत 60 दिन लग जाते थे। साइबर तहसील में औसत 15 दिनों में ही यह प्रक्रिया पूरी हो जायेगी।

-साइबर तहसील द्वारा पारित आदेश की पीडीएफ प्रति आवेदक को ईमेल,व्हाट्सएप से मिल जाएगी। इसकी प्रति आर सी एम एस पोर्टल पर भी अपलोड होगी।



## डब्लूसीआर जबलपुर ने 38 रनों से जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही 27वीं लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में रविवार को स्पर्धा का पाँचवा लीग मैच डब्लूसीआर जबलपुर और नरसिंहपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें जबलपुर ने 38 रनों से मैच पर जीत दर्ज कर क्वार्टर में प्रवेश कर लिया। नरसिंहपुर टीम ने टास जीतकर पहले जबलपुर टीम को बल्लेबाजी लिए न्यौता दिया। निर्धारित 20 ओवर में जबलपुर टीम ने 180 रनों का स्कोर खडा किया।

जबलपुर की ओर से बल्लेबाज संकल्प ने 64 रन, सनी ने 28 रन बटोरे।जवाबी पारी में नरसिंहपुर टीम 142 रनों पर ही ढेर हो गई। जबलपुर की ओर से गेंदबाज कमल ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। मैच में जबलपुर के खिलाडी संकल्प को मैन आफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस दौरान जमुना प्रसाद तिवारी, शिक्षक आनंद मुकुंद मिश्रा, जीआएस अतुल चौरसिया, प्रमोद असाटी, अध्यक्ष आशीष चौरसिया, हेमंत सामल, संदीप चौरसिया, मिकी चौरसिया, प्रिंस अरोरा, हनी चौरसिया उपस्थित रहे। स्पर्धा में 2 जनवरी को सम्राट क्लब सिहोरा और एचवाई उमरिया के बीच छटवाँ लीग मैच खेला जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन**

## योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन एवं समावेशी विकास पर हुई चर्चा, दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ,मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आगामी 3 जनवरी को आयोजित होने वाली संभागीय समीक्षा बैठक सहित जिले में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों और जनहित के कई अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय के साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने, विकास कार्यो में लापरवाही को रोकने और सरकार की योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने जैसे विभिन्न योजनाओं पर विस्तार पूर्वक की गई।

बैठक के दौरान जिले में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन के दौरान आयोजित की जा रही गतिविधियां एवं हितलाभ वितरण पर चर्चा की जाकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने- अपने सुझाव दिये गए।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग भवन, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग सहित जिले में अन्य विभागों के माध्यम से संचालित हो रहे विकास कार्यो की समीक्षा की जा जाकर कार्यो गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के महत्वपूर्ण सुझाव उपस्थिति जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए।

बैठक में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, महापौर प्रीति संजीव सूरी, कटनी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत, नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार सहित अन्य जिला अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## छात्राओं को जैविक खेती का कराया अवलोकन



शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी की छात्राओं को श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरी का भ्रमण कराया गया। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत छात्राओं को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक खेती का अवलोकन जैविक कृषि प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा कराया गया। कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत छात्राओं को केंचुआ खाद एवं वर्मीवाश का निर्माण एवं फसलों में उपयोग गौशाला प्रबंधन गोमूत्र को एकत्रित करने का तरीका तथा गाय की विभिन्न नस्लों शंकर नेपियर घास संतुलित पशु आहार तथा प्रकाश खाद एवं ईंधन के लिए बायोगैस संयंत्र, विभिन्न सब्जियों गेहूं, चना, गन्ना आदि फसलों का अवलोकन कराया गया। केंचुआ और केंचुआ खाद का निर्माण एवं विक्रय कर स्वरोजगार स्थापित करने के विषय में जानकारी दी गई। भ्रमण के समय कृषक पवन कुमार पांडे एवं महाविद्यालय से श्रीमती सुमन अहिरवार तथा श्रीमती हेमलता मैहर आदि उपस्थित रही।

## मां को रास्ते में छोड़ आगे बढ़ गए परिजन, पुलिस ने वापस मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पति के साथ सड़क मार्ग से अपने बेटे के यहां महाराष्ट्र जा रही एक वृद्ध महिला भटक कर ऑटो चालक की मदद से कुठला थाने आ पहुंची। परिवार से बिछडी वृद्ध महिला के पास ना तो कोई संचार साधन थे और ना ही रूपए पैसे, ऐसे में वह करती भी तो क्या।

ऑटो चालक के साथ जब बूढ़ी मां कुठला थाने पहुंची तो वहां मौजूद कुठला प्रभारी अभिषेक चौबे ने बूढ़ी मां के दर्द को समझते हुए मुस्कुराते हुए उन्हें हैप्पी न्यू ईयर कहा और कहा अम्मा घबराओ नहीं हम बैठे हैं तुम्हारे साथ। अभी हम परिवार से मिलते हैं आपको। कुछ ही देर में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने उनके परिवार से संपर्क किया और मां को छोड़कर आगे बढ़ गई गाड़ी को वापस बुलाया और गाड़ी के आने के बाद बूढी मां का पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें पति के साथ विदा किया। पुलिस के मानवीय स्वरूप को देखकर वृद्ध मां नम आंखों से उन्हें आशीर्वाद देते हुए और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आगे की ओर रवाना हो गई।

### बायपास में भटक रही थी

जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि रविवार शाम थाने का पूरा स्टाफ नववर्ष की गस्त और मुस्तैदी की तैयारियों में लगा था इसी बीच एक ऑटो चालक ग्राम समई राजपतानी जिला भदोही उत्तर प्रदेश निवासी 65 वर्षीय श्रीमती लालती यादव पति प्रेम बहादुर यादव को लेकर थाने पहुंचा। जानकारी देते हुए ऑटो चालक ने बताया कि बूढ़ी मां चाका बाईपास के पास रोते हुए भटक रही थी। लालती देवी ने बताया की वह पति के साथ बेटे के पास कार द्वारा अमरावती महाराष्ट्र जा रही थी। चाका बाईपास के कुछ दूर पहले कुछ देर आराम करने के लिए रुकी तो वह भी कार से उतर गई। थोड़ी देर के बाद पति कार लेकर आगे चले गए जबकी बूढ़ी मां कार में बैठ भी नहीं पाई थी।

कुठला पुलिस से सूचना मिलने के बाद जब वृद्ध महिला के पति थाने पहुंचे तो उन्होंने कहा की हम लोगों ने ध्यान नहीं दिया की ये कार में बैठी या नही। जब फोन आया तब हमारा ध्यान इस ओर गया। थाने से जाते हुए वृद्ध मां और उसके पति ने थाना प्रभारी सहित समस्त स्टाफ का धन्यवाद करते हुए उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

**कलेक्टर के निर्देश पर गठित दल द्वारा की गई कार्यवाही**

## धान के अवैध परिवहन पर 2 वाहनों से वसूला गया 15 हजार रूपये मंडी शुल्क





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में अन्य जिलों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाई जाने वाली अवैध धान पर सख्ती से रोकथाम के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जांच नाकों मे कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल तैनात किया है। ताकि जिले के वन एवं खनिज जांच नाकों में कृषि उपज मंडी के उडन दस्ता दल को बैठाकर वाहनों को रोकने और अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखा जा सके।

कलेक्टर के निर्देश पर धान उपार्जन में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के कुत्सिंत मंसूबों पर लगाम लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी नजर रखी जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त जांच नाकों में अवैध अनाज परिवहन और क्रय विक्रय के मामलों की निगरानी हेतु गठित उडन दस्ता दल द्वारा शनिवार को लखापतेरी मार्ग पर निरीक्षण के दौरान अवैध परिवहन हो रही 41.60 क्विंटल धान को दो वाहनों सहित जब्त करनें की कार्यवाही की गई है। कृषि उपज मंडी समिति के सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में दोनों वाहन द्वारा कृषि उपज धान का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 15 हजार 450 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कृषि उपज मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में कार्यवाही के दौरान लखापतेरी मार्ग पर वाहनों के निरीक्षण की कार्यवाही के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक एम पी. 21 जी 1803 एवं एक अन्य न्यू स्वराज ट्रैक्टर वाहन की जांच किए जाने पर 41.60 क्विंटल धान का अवैध परिवहन पाया गया था।

शनिवार को सहायक उप निरीक्षक, राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर कुमार पनिका, अमित केशरवानी, सुधीर कुमार त्रिपाठी की सहभागिता में कार्यवाही की गई।

**दिन भर गर्म कपड़ों में ढंके नजर आ रहे लोग, बढ़ रहा गलाव**

## बादलों की लुकाछिपी व शीतलहर ने ढहाया सितम, कांपा जनमानस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दिनो दिन बढ़ रही ठंड से जनमानस कांपने लगा है। सर्द हवाओं से बचने दिन भर गर्म कपड़े से ढंके रहने पर विवश हो रहे हैं। बीते दो दिनों से आसमान में बादलों की लुकाछिपी का खेल भी चल रहा है। हालांकि बीच बीच में सूर्यदेव के दर्शन भी हो रहे हैं लेकिन धूप तेज नहीं होने से राहत नहीं मिल रही। साथ ही ठंडी हवाओं ने जनमानस को कंपकंपा दिया। ठंडी हवाओं के कारण लोग दिन भर गर्म कपड़ो से ढंके रहे। ठंड से बचने दिन में भी अलाव तापकर बचाव किया। ठंड से जनजीवन पर खासा असर पड़ा है। ठंडी हवाओं से लोग कंपकंपाते नजर आये। धूप निकली इसके बाद भी लोगों को अधिक राहत नहीं मिली।

कुछ दिनों से आसमान में बादलों के आने जाने के कारण ठंड का खास असर नहीं था। बादलों के छटते ही ठंड ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। बेसहारा और गरीब तबकों को शीतलहर से बचाने नगर निगम प्रशासन के द्वारा शहर में अलाव की व्यवस्था कराई जा रही है। चिन्हित स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था भी कराई जा रही है। नगर निगम हर साल शहर के ऐसे स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करता था, जहां गरीब रुकते हैं और लोगों का आना जाना लगा रहता है। बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन सहित शहर के प्रमुख चौराहों-तिराहों समेत अन्य स्थलों पर लकडियां जलाकर आग ताप रहे हैं।



### सतर्कता बरतने की आवश्यकता

चिकित्सकों का कहना है कि ठंड के मौसम में खासकर वृद्धजन व बच्चों को ज्यादा सतर्कता की आवश्यकता है। चिकित्सकों के अनुसार सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ी है। लिहाजा कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों गर्भवती महिलाओं, शिशुओं, वृद्धजन व लंबे समय से किसी बीमारी से ग्रसित लोगों को सेहत के प्रति सचेत रहना चाहिए। रक्तवाहनियों में संकुचन के कारण इस मौसम में हृदयघात का खतरा बढ़ता है।

वर्तमान में रबी फसलों की अधिकांश बोवनी हो चुकी है। गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य रबी फसलों में पानी की आवश्यकता बनी हुई है। गेहूं की फसल के लिए ठंड का होना बेहद आवश्यक माना जाता है। ठंड न होने के चलते गेहूं की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। दूसरी ओर खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान के उपार्जन का कार्य चल रहा है। किसान अपनी उपज लेकर खरीदी केन्द्रों में डेरा डाले हुए हैं। मौसम को देखते हुए कलेक्टर द्वारा उपार्जन केन्द्रों में उचित रख रखाव के साथ ही क्रय की गई उपज को शीघ्र परिवहन करने के निर्देश दिये गए हैं।



## अल्पविराम सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आनंद विभाग, कटनी द्वारा विगत दिवस जिले के विकासखंड बहोरीबंद में जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित ग्राम प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था के लगभग 45 सदस्यों के बीच अल्पविराम सत्र का आयोजन किया गया। आयोजित सत्र में सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों को राज्य आनंद संस्थान का संक्षिप्त परिचय एवं संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। उसके बाद ष्अल्पविरामष की भी विस्तृत जानकारी दी गई, तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर अनिल कांबले द्वारा उपस्थित सदस्यों को स्वयं की क्षमताओं व योग्यताओं को पहचानने एवं अपनी योग्यताओं एवं क्षमताओं का उपयोग, सामूहिक दक्षता को बढ़ाने के रूप में उपयोगी कैसे बनाया जाए, इसके लिए श्रब्भत्ट् प्छक्कॅ डव्क्म्स के माध्यम से एक सत्र आयोजित किया गया।

सत्र के दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तेज सिंह केसवाल एवं विकासखंड समन्वयक, बहोरीबंद अरविंद शाह की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## विधायक का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सिमरिया।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह का सिमरिया रेस्ट हाउस में किया गया। फल से तुलादान कार्यक्रम एवं कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर किया गया स्वागत। वर्तमान पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह का पवई विधानसभा में पूर्व से ही लोगों का लगाव इसलिए बरकरार बना हुआ है जैसे ही सूचना प्राप्त हुई की भोपाल से पन्ना पहुंच रहे हैं वैसे ही कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया और भारतीय जनता पार्टी की जिले में तीनों विधानसभा मैं भारतीय जनता पार्टी के विधायक है कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण लोगों का इसलिए से भारतीय जनता पार्टी को जीत प्राप्त हुई है पन्ना जिला विकास से पीछे नहीं रहेगा।

## मुक्ति पीठ धार्मिक पत्रिका के स्वर्ण अंक का हुआ विमोचन



**पन्ना।** पवित्र नगरी पन्ना मैं बीती 24 दिसंबर से आयोजित साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ कै समापन दिवस 30 दिसंबर को श्री प्राणनाथ मंदिर से प्रकाशित होने वाली धार्मिक पत्रिका मुक्ति पीठ के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विशेष स्वर्ण अंक का विमोचन किया गया। मंच पर उपस्थित परमहंस महाराज संत शिरोमणि सदानंद जी, धर्मगुरु डॉ दिनेश एम पंडित के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल उपाध्यक्ष अमरेश शर्मा, ट्रस्टी तिलक राज शर्मा महाप्रबंधक देशभूषण शर्मा के साथ-साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सड़क पर खड़े वाहनों से राहगीरों को हो रही परेशानी



**देवेंद्रनगर।** सलेहा रोड कृषि उपज मंडी के सामने किसानों की धान से भरे ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़े होने के कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी से जूझना पड़ता है। सलेहा रोड पर लग रहा बार-बार जाम ट्रैक्टर ट्राली भारी लंबी लाइन पर बाहर खड़े हुए हैं। कृषि उपज मंडी देवेंद्र नगर मैं समर्थन मूल्य की धान खरीदी का केंद्र बनाया गया है जो की किसान धान तुलाने के लिए आए हुए है। यदि स्थानीय प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है सड़क पर एक्सीडेंट भी हो सकता है।

## भव्य सुंदरकांड एवं लकी ड्रा कार्यक्रम संपन्न



**अमानगंज।** नगर अमानगंज कल्पना होटल के पास आज भव्य संगीतमय सुंदरकांड एवं एक लकी ड्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रामचरितमानस का संगीतमय सुंदरकांड कवचम किया गया तत्पश्चात लकी ड्रा का कार्यक्रम चला जिसमें नगर अमानगंज सहित जिले के लकी ड्रा में 151 ग्राहकों को आकर्षक उपहार दिया गया। हम आपको बता दें कि श्री कृष्णा लाइफस्टाइल परिवार की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया श्री कृष्णा लाइफस्टाइल के संचालक मयूर असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि अगस्त माह में हमने स्कीम निकाली थी कि श्री कृष्ण लाइफ स्टाइल एवँ सर्वमंगला फैशन कपडे की दुकान जो अमानगंज मे संचालित है साथ ही श्री कृष्णा लाइफस्टाइल ब्रांच पन्ना में अगस्त माह से लेकर अब तक खरीदी की गई है उनमें से खास 151 ग्राहकों को कूपन दिए गए थे जिनका आज खोला गया है जिनमें सभी 151 लोगों को आकर्षक उपहार दिया गया जिसमें साइकिल वाशिंग मशीन सहित अनेक प्रकार के इनाम सामिल रहे।

### घटेरा में रेल्वे अंडरब्रिज बन रहा परेशानी का सबब

# अंडर ब्रिज में पानी भरा होने से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कटनी रेल सेक्शन के रेलवे स्टेशन घटेरा में ग्रामीणों के आवागमन के लिए रेलवे फाटक को बंद कर रेलवे विभाग द्वारा अंडर ब्रिज का निर्माण कराया गया था। इस अंडर ब्रिज के निर्माण का मुख्य कारण रेलवे लाइन के दूसरी तरफ बसे गांव के लोगों को रेल लाइन पर न करना पड़े और राहगीरों व वाहन चालकों को आने जाने में सुविधा का लाभ मिले सके। लेकिन अंडर ब्रिज मे 12 महीनों पानी भरे होने की समस्या पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण होने के बाद भी जस की तस बनी हुई है। जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही अधिकारीयो एवं ठेकेदार को घटेरा के अंडर ब्रिज में पानी भरा होने का मामला संज्ञान में है,उसके बाद भी इस समस्या का समाधान नही हो पा रहा है। घटेरा ग्राम के आदिवासी मोहल्ला , मुहली, मडिया, चंदपुरा, गढ़िया कुसाई ,सलैया गांव के ग्रामीणों को आने जाने के लिए रेल पटरी पार न करना पड़े इस उद्देश्य से रेलवे गेट को बंद करा कर अंडर ब्रिज का निर्माण कराया गया था लेकिन अंडर ब्रिज के निर्माण में बरती गई लापरवाही ग्रामीणों व राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। वही इन दिनों तीसरी रेलवे लाइन का विस्तारीकरण कार्य चल रहा है और पुराने अंडर ब्रिज में जोड़कर तीसरी रेलवे लाइन डालने के लिए नया अंडरब्रिज का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया गया है।उसमे भी पानी भरा हुआ है। जिससे चार पहिया और तीन पहिया वाहन तो जैसे तैसे निकल जाते है लेकिन बाइक चालक पानी और कीचड़ में फिसलकर आए दिन घायल हो रहे है।अंडर ब्रिज में जाने बाला रास्ता भी सही नही है।जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ठेकेदार इस समस्या को हल करने में लापरवाही कर रहा है तो वहीं अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नही हो रहा है । रेलवे के अधिकारी यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि यह कार्य कंट्रक्शन विभाग का है। इस संबध में असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर दमोह अनिल चौधरी का कहना हैं कि यह कार्य कंट्रक्शन विभाग का है। हम लोग कौन कौन सी समस्या देखे, बहुत समस्याएं है। आपने अवगत कराया है तो अंडरब्रिज में भरे पानी का ठेकेदार से बोलकर निकासी कराते है।

# नए वर्ष के स्वागत पर किया पौधारोपण



दमोह। साप्ताहिक पौधा रोपण करने वाली सामाजिक संस्था कदम में आज भारत माता पार्क में बीते वर्ष की विदाई में और नए वर्ष के स्वागत में पौधारोपण किया। इस अवसर पर राजीव अयाची,अखिल टंडन,रंजन फतेहपुर,मंजुला श्रीधर,अंबालिका विश्वकर्मा,मोटी रैकवार के जन्मदिन पर पौधा रोपकर सभी को शुभकामनाएं दी। सभी ने मिलकर कदम का पारंपरिक गीत गया एवं कदम सम्मान पत्रों का वितरण किया गया। इसके पश्चात संस्था के द्वारा पंडित बिहारी लाल गौतम के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था प्रमुख दीपक सेन ने समस्त नगर वासियों क समस्त नगर नगर वासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विशेष उपस्थिति नंदा असाटी, अर्चना नेमा, राधेश्याम नेमा, प्रभात जैन, डॉ केदारनाथ शर्मा, महेश रैकवार,सिद्धार्थ पुष्पध, दिग्विजय सेन की उपस्थिति रही।

# वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारूताल में वार्षिक खेल का दो दिवसीय आयोजन 28 एवं 29 दिसंबर को किया गया। प्रथम दिवस को प्राचार्य श्रीमती नीलम जैन द्वारा खेल महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं खेलों के महत्व पर विचार रखें। संस्था में 100 मीटर दौड़, तवाफेंक, गोलाफेंक, खो-खो, कुर्सी दौड़, रस्कीकूद, टेबिल टेनिस, तीरदांजी इत्यादि में सीनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग के लिये खेलों का आयोजन किया गया। खेल प्रभारी अरविंद कुमार खरे द्वारा सफल संचालन किया गया। संस्था के शिक्षक मनोज विश्वकर्मा, सुधा कन्नोजे, सुभाषनी वैंजामिन, कृष्णा पांडे, पुष्पलता अहिरवार, विजय चौरसिया, संजय कुमार खरे, ऊषा व्यास, विभा शर्मा, जया दुबे, गीता सोनी, सविता रैकवार, चंद्र सखी, आरती खरे, निधि जैन, आरती श्रीवास्तव, मीना यासमीन, अंजली एवं बब्लू यादव की सहभागिता रहीं।

# कुम्हारी मंडल मे भाजपा की बैठक सम्पन्न



**सगोनी।** विधानसभा हटा के कुम्हारी मंडल मे बैठक का आयोजन हुआ जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं मतदाता सूची में किए जाने वाले सुधार मतदाता दिवस तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीयन करने के लिए ग्राम पंचायत बार प्रभारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देशन दिए गए जिसमें मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# महंगाई की मार से जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

आसमान छूती महंगाई के कारण इस बार नया वर्ष और मकर संक्रांति का त्यौहार फीका होते दिख रहा है। लोगों के पास कोई काम धंधा रोजगार आदि नहीं होने के कारण लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। ऊपर से अमरबेल की तरह फैल रही महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ के रख दी है। युवा एजाज खान वसीम खान बृजेश मुकेश आदि का कहना है कि पहले जब हम लोग नया वर्ष मनाने बाहर टूर पर जाते थे तो उस समय जीप गाड़ी का भाड़ा बहुत कम लगता था इस बार तो दुगना भाड़ा लग रहा है। इसलिए हम लोग अपने घर पर ही नया वर्ष मनाएंगे। ग्रहणी संतोष रानी कमलाबाई बेबी रानी आदि महिलाओं ने हरिभूमि को बताया दी पहले जब मकर संक्रांति का त्यौहार आता था तो हम लोग 15 दिन पहले से ही तरह-तरह के पकवान बनने लगते थे लेकिन अब तो महंगाई के चलते मकर संक्रांति के दिन ही सब्जी पूरी बनाकर काम चला लेते हैं। महिलाओं के बताएं मुताबिक मकर संक्रांति के त्योहार पर तिल्ली के लड्डू बनाना जरूरी होता है लेकिन इस बार तिल्ली का भाव बाजार में 200 किलो है गुड 50 किलो इस महंगाई में हम कैसे निभाए अपनी परंपरा मकर संक्रांति पर्व तिल और गुड़ का पर्व होता है। इस त्यौहार में घर-घर में लड्डू और पकवान बनाए जाते हैं लेकिन महंगाई के चलते इस बार लोगों का यह त्यौहार फीका नजर आ रहा है । एक और जहां सरकारे सबका साथ सबका विकास करने की बात कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर आम गरीब व्यक्ति को खाने के लाले पड़े हुए हैं आम व्यक्ति महंगाई के कारण तीज त्यौहार भी नहीं मना पा रहा है। आज जरूरत है कि केंद्र और प्रदेश सरकार को सुरसा के मुह की तरह बढ़ रही महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए तभी सही मायने में आम गरीब व्यक्ति का भला हो सकता है।

## बिना टेण्डर के सरकार को रॉयल्टी की भी भारी क्षति

**पन्ना।** रेत का अवैध कारोबार अब रोकना एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। जो जितना सक्षम संबंधित ठेकेदारों से सांठगांठ करके गांव-गांव के लोग इसमें शामिल होकर रेत के कारोबार को अंजाम देते है। भले ही पन्ना जिले की सीमा में रेत का टेण्डर नहीं छतरपुर जिले की यू-फोरिया माइंस के नाम से छतरपुर जिले की केन नदी की सीमा को लेकर कानेक्ट बताया जा रहा है। पर सवाल यह उठता है कि पन्ना जिले में आज भी केन नदी की सीमा में अगर उत्खनन होता है तो कहीं न कहीं पन्ना जिले की खनिज सम्पदा बिना रॉयल्टी ही उत्खनन कर स्वयं का लाभ लेने को लेकर यह दास्ता बाखूबी जानी जा रही है। सरकार को भी नुकसान फिर भी विभाग को लेकर यह एक बड़ी चुनौती हैं ।

# आए दिन कीचड़ में फंसकर पशुधन की हो रही हानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत सुरई ग्राम से जंगल की ओर जाने वाले रास्ते में जमा कीचड़ मवेशियों की जान का दुश्मन बना हुआ है और पशुपालकों को पशुधन के हानि का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल मामला है ग्राम पंचायत सराय का जहां जंगल की ओर जाने वाले रास्ते में चहुं और कीचड़ ही कीचड़ जमा रहता है यहां जल भराव की स्थिति में यह कीचड़ जमा होता है। कीचड़ वाले स्थान पर पुलिया बनाने की मांग लंबे समय से ग्रामवासी करते चले आ रहे हैं। लेकिन पुलिया निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से आए दिन कीचड़ में फंसकर मवेशियों की मौतें हो रही है। सरपंच प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने बताया ग्राम पंचायत के पास इतना फंड नहीं है की पुलिया निर्माण कार्य करवाया जा सके। इस स्थान पर पुलिया का निर्माण अति आवश्यक है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों को पुलिया निर्माण के लिए अनेकों बार अवगत करवाने के बावजूद पुलिया निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। ग्राम वासियों के द्वारा जंगल वाले रास्ते पर पुलिया निर्माण कार्य के लिए शासन प्रशासन से मांग की जा रही है। ताकि पशुपालकों के पशुधन की हानि रोकी जा सके और कीचड़ वाले स्थान पर पुलिया निर्माण होने से मवेशियों सहित खेती-बाड़ी के लिए जाने वाले किसानों का रास्ता सुगम हो सके।

## नगर अमानगंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का हुआ आगमन

**अमानगंज।** नगर अमानगंज के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिन रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ नगर अमानगंज नगर परिषद अमानगंज द्वारा विकसित भारत यात्रा का मंच द्वारा समस्त योजनाओं को नगर की जनता को शासकीय स्कूल में कैंप लगाकर मध्य प्रदेश की समस्त योजनाओं लोगो तक पहुंचने का कार्यक्रम कैंप लगाकर मध्य प्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं के एवं समस्त अधिकारी ने कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना एवं आवेदन लिया समस्त बैंक ऋण योजनाओं आयुष्मान भारत योजना क्रेडिट कार्ड स्वास्थ्य विभाग उज्ज्वला योजना समस्त प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के कार्य शासन की समस्त योजनाओं का जनता को लाभ दिलाने के लिए भारत विकसित यात्रा द्वारा कैंप लगाए गए एवं लोगों को सभी तरह की अशुद्धता से बचने हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में लोगों को बताया गया भारत सरकार की किसान सम्मान निधि का सभी लोगों को लाभ मिल सके इसके लिए भी राजस्व विभाग द्वारा लोगों के आवेदन लिए गए एवं भारत विकसित यात्रा रथ में एलईडी के माध्यम से समस्त योजनाओं का प्रसारण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश वर्मा गुन्नौर विधायक अध्यक्ष सारिका शारदा खटीक मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश चोबे नगर की समस्त मीडिया भाजपा के वरिष्ठ नेता राम अवतार पांडे समस्त भाजपा नेतागण पदाधिकारी नगर की समस्त जनता मौजूद रही।

# पुलिस द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 26 वाहन चालकों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही, छोटे बड़े कुल 26 वाहन जप्त





पन्ना।

प्रायः देखने में आता है कि नशे की हालत में वाहन चलाने वाला वाहन चालक स्वयं के साथ अन्य लोगो के साथ दुर्घटना की संभावना बढा देता है। पन्ना जिले में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों-चौकी प्रभारियों को नशे की हालत में वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन मे जिले के समस्त थाना क्षेत्रो में वाहन चेकिंग लगाई गई। वाहन चेकिंग के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रो में नशे की हालत में वाहन चलाने वाले कुल 26 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये छोटे बड़े कुल 26 वाहनों को जप्त किया गया है। संबंधित वाहन चालको से माननीय न्यायालय द्वारा करीब 2 लाख 50 हजार रूपये की समन शुल्क राशि वसूल की जायेगी।

## अतिथि शिक्षकों की लंबित वेतन का शीघ्र हो भुगतान

**पन्ना।** मध्य प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ जिला इकाई पन्ना के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेंद्र गर्ग ने प्रेस व्यक्ति जारी कर अतिथि शिक्षकों की लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की है। श्री गर्ग ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, आहरण सम वितरण अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्य से मांग की है कि अतिथि शिक्षकों के सब्र का बाध अब टूट चुका है समूचे पन्ना जिले के अतिथि शिक्षक नियमित शिक्षकों की भांति संपूर्ण समर्पण भाव से जिले के प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्य कर रहे हैं लेकिन अल्प मानदेय वाले अतिथि शिक्षकों का अक्टूबर माह से मानदेय लंबित है। अधिकारियों के द्वारा बताया जाता है कि बजट नहीं है, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा कहा जाता है कि प्रदेश में किसी भी तरह के बजट की कोई कमी नहीं है, ऐसे में यह सोचने वाली बात है कि अधिकारी कर्मचारी सच बोल रहे हैं या प्रदेश के मुख्यमंत्री लेकिन दोनों ही सूरत में अतिथि शिक्षकों की स्थिति दयनीय बनी हुई है, चुनाव के पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा अतिथि शिक्षकों की वेतन वृद्धि एवं महीने की एक से लेकर 5 तारीख तक के अंदर भुगतान की बात कही गई थी, लेकिन अक्टूबर माह से अतिथि शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है। इसके साथ ही प्रदेश भर में लोगों की हर विभाग से संबंधित समस्याओं को सुनने एवं उनके निराकरण के लिए 181 की सेवा सीएम हेल्पलाइन के नाम से शुरू की गई थी लेकिन उस पर भी शिकायत करने से भी कोई निराकरण नहीं हो रहा है। श्री गर्ग ने कहा कि अतिथि शिक्षक भूखे मरने की कगार पर खड़े हैं, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर माह का मानदेय शीघ्र पांच दिवस के अंदर भुगतान कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि पांच दिवस के अंदर अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं होता है तो पन्ना जिले के सभी अतिथि शिक्षक एकजुट होकर जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की होगी। नियमित शिक्षकों की वेतन एक तारीख को मिलती है लेकिन अतिथि शिक्षकों की शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है उन्होंने समाचार पत्रों के माध्यम से मानदेय की मांग की है।



# अलविदा 2023 सुस्वागतम 2024 : नई उम्मीदें व विश्वास के साथ नववर्ष का स्वागत

## तीर्थस्थलों पर पहुंच रहे लोग, पहले दिन को खास बनाने पर्यटन स्थलों पर जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वर्ष 2023 अब अलविदा कह कर चला गया। अपनी खट्टी मीठी यादें देकर किसी को रुलाकर तो किसी को हंसाकर, किसी ने इस वर्ष बुलंदियों को छुआ तो कोई अर्श से फर्श पर आ गया। 2023 को लोगों ने अपने-अपने तरीके से विदाई दी। नववर्ष 2024 का आगाज रात्रि 12 बजे से युवाओं ने अपनी मस्ती में टोलियों के साथ नाच गाकर किया। तो वहीं अनेक लोगों ने तीर्थ स्थल पर पहुंचकर अपना नया वर्ष का शुभारंभ किया। अलग अलग अंदाज में, सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर व आनलाइन आयोजन कर नये वर्ष की खुशियां मनाई गई। नये वर्ष 2024 के स्वागत के साथ हर वर्ग की अपनी अलग उम्मीदें है। प्रदेश में हुये विधानसभा चुनाव के बाद अब प्रदेश में नई सरकार का गठन हुआ है, नई इसलिये की दल वहीं है पर लोग बदल गये है। नये मुख्यमंत्री, नये मंत्री, नये विधायक प्रदेश व जिले को मिले है जिससे लोगो को नई सरकार से बहुत सारी अपेक्षायें है। अपेक्षायें भी वहीं पुरानी सड़क पानी बिजली की सुविधाओं के साथ ही सरकारों व प्रशासन से सुशासन की उम्मीद है। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होना जरूरी है। 2023 खट्टी मीठी यादें छोड़ गया। अब लोगो को नये वर्ष में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों से बहुत सी अपेक्षायें है। देखना है कि यह नया-नया लोगो की अपेक्षाओं की कसौटी पर कितना खरा उतरता है।

वर्ष 2023 के फ्लैशबैक जाया जाये तो यह वर्ष मिशनरी संसथाओं के लिये संकट का साल रहा है। चुनावी माहौल होने चलते यह मामला को लाईमलाईट से बाहर हो गया व चुनावी माहौल गरमा गया। इसी बीच आई लाडली बहना योजना ने जहां लाखों महिलाओं को लाभान्वित किया। यह योजना पूरे चुनाव में आकर्षण का केंद्र रही। इस साल देखा जाये तो अंत के तीन महीने राजनैतिक दृष्टि से कई बडे फेरबदल हुये है। दमोह में विस चुनाव में चारों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज करते हुये सभी चौंका दिया जिससे भाजपा के लिये आने वाला साल बेहद खुशियां लेकर आ रहा है। वहीं नई सरकार के गठन के बाद से मंत्रीमंडल में जिले के पूर्व मंत्री श्री मलैया को स्थान नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं का उत्साह भी कही न कही कम हुआ है। वहीं जिले के लिहाज से एक की जगह दो नये मंत्री मिलने से कुछ नये होने की अपेक्षा जरूर की जा रही है। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी को संस्कृति व पर्यटन विभाग का मंत्री बनाये जाने के बाद अब पयर्टन स्थल व उनके सरंक्षण को लेकर विशेष कार्य होने की अपेक्षा है क्योंकि श्री लोधी जिस क्षेत्र से विधायक है वहां पर जिले के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल है। वहीं दूसरी राज्यमंत्री लखन पटेल को पशुपालन व डेयरी विभाग का मंत्री बनाये जाने से उनसे भी कई सारी अपेक्षायें जिलेवासियों को है।




दमोह। नववर्ष 2024 मनाने जहां एक ओर युवाओं की टोली मौज मस्ती एवं पिकनिक मनाने की तैयारी में व्यस्त नजर आई। वहीं हजारो की भीड़ नया वर्ष का शुभारंभ ईश्वर की आराधना से करने तीर्थस्थलों पर जुटी। विश्वप्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल कुंडलपुर में रात्रि कालीन सांसकृतिक कार्यक्रम आयोजित होने से 31 दिसंबर की रात्रि में ही धर्मावलंबी भारी संख्या में पहुंचे जो अपना नववर्ष का शुभारंभ बड़े बाबा की आराधना से कर नववर्ष के आनंद के साथ ही पुण्य लाभ भी अर्जित करेंगे। वहीं जागेश्वर धाम बांदकपुर में भी नववर्ष मनाने लोगों की भीड़ पहुंचना शुरु हो गई थी। इसी तरह जिले के रमणीक स्थल रानी दुर्गावती अभ्यारण, सिंगौरगढ़ किला, सदभावना शिखर, बाबन बजरिया, प्रसिध्द जलप्रपात निदान कुंड, नजारा पाइंट,के साथ धार्मिक सिध्दक्षेत्र जोगनकुंड, नोहटा के नोहलेश्वर शिव मंदिर, जैन तीर्थ आदिश्वरगिरि, ग्राम चंडी चौपरा के जैन प्राचीन अतिशयक्षेत्र श्री शांतिनाथ मंदिर, जरारुधाम, गौमुखधाम मडियादो के रमणीक स्थलों पर पहुंचकर नववर्ष का आनंद लेने समूहो में पहुंचना शुरू हो गये है।

## साल के आखिरी दिन दिखा जबरदस्त कोहरा



साल 2023 के अंतिम दिन रविवार को सुबह से चारो तरफ जबरदस्त कोहरा देखा गया। सुबह 9 बजे तक कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानी का अनुभव हुआ। वहीं ठंड के लिहाज से देखा जाये अंतिम दिन न्यूनतम तापमान 10.5 दर्ज किया गया वहीं अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### संभाग स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में कृष्णा पटेल रहे प्रथम

**दमोह।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सागर संभाग स्तर पर वर्चुअल युवा उत्सव का आयोजन सागर में किया गया जिसमे सागर संभाग के सभी जिलों के चयनित प्रतिभागियों को सुना गया जिसमे दमोह जिले के यूथ अचीवर्स और जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था छात्र सर्व कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर अपना जोरदार भाषण देकर सागर संभाग स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कृष्णा पटेल अब राज्य स्तर पर अपनी वक्तव्य कला का लाइव प्रस्तुतीकरण करेंगे।

### जिला बदर आरोपी को किया गिफ्तार

**दमोह।** कोतवाली थाना पुलिस ने गौवंश वध रोकथाम मे सक्रिय पूर्व से जिला बदर आरोपी को मय हथगोले के गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सीताबावली मे एक व्यक्ति एक गाय को रस्सी बांध कर काटने के उद्देश्य से ले जा रहा है। जो कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मरघटा के आंगे कच्ची सैर सीतावावली दमोह मे आरोपी हाथ मे थैला लिये एवं गाय को क्रूरता पूर्वक रस्सी से मारते हुये ले जाते मिलने पर आरोपी को पकडाकर थैला चैक किया। जो थैले में हथगोला लिये मिला आरोपी से नाम पता पूछा जिसने अपना नाम राजाबाबू उर्फ उसमान पिता अय्यूब खान उम्र 21 साल निवासी नूरी नगर दमोह का होना बताया। आरोपी पूर्व से जिला बदर था जो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध गौवंश, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की गयी।

### नन्नीबाई पटैल का निधन

**हिनौताकलां।** ग्राम के रामेश्वर पटैल, जागेश्वर, संतोष पटेल की माताश्री श्रीमति नन्नीबाई पटैल का निधन हो गया । उनके निधन पर सभी वर्ग के नागरिकों ने पहुंचकर शोक संवेदना श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एसपी ने कोतवाली टीआई को बदला, आनंद सिंह होंगे कोतवाली टीआई

# हिंदू संगठनों ने एसपी आफिस के बाहर धरना देकर हनुमान चालीसा पाठ किया

### गौकशी की घटनाओं के विरोध में हिंदू संगठनों का धरना निरीक्षक विजय राजपूत कोतवाली से देहात थाना प्रभारी बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




गोवंश की चोरी करके कसाई मंडी ले जाकर वध किए जाने की वारदातो पर अंकुश लगाने में कोतवाली पुलिस के नाकाम रहने पर वर्ष के अंतिम दिन रविवार को हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारी ने एसपी ऑफिस मैं धरना देकर भजन कीर्तन करके हटाने की मांग की। देर तक चले इस धरना प्रदर्शन की बात कोतवाली टीआई को हटा दिए जाने की जानकारी सामने आई है वही इनकी जगह देहात थाना टीआई को कोतवाली की कमान सौपने के आदेश जारी किए गए है। रविवार को विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत व बजरंग दल, दुर्गा वाहनी के आव्हान पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिनमे महिलाएं तथा युवा भी शामिल था के द्वारा एसपी ऑफिस के बाहर गौकशी की घटनाओं के विरोध में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पदाधिकारीयो का कहना था कि दमोह शहर मे निरंतर गौ माता की चोरी करके कसाई मंडी ले जाकर गौ हत्या की जा रही है। लगातार शिकायत तथा ज्ञापन के बाद भी कोतवाली पुलिस इन पर अंकुश नही लगा पा रही है। अतः कोतवाली टीआई को हटाकर उक्त मामलों में त्वरित कार्रवाई करके पूरी तरह से गो हत्या पर अंकुश लगाया जाए। SP कार्यालय के बाहर देर तक चले धरना प्रदर्शन के दौरान भजन कीर्तन के साथ हनुमान चालीसा किया जाता रहा। इस दौरान एएसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी और एसडीएम आरएल बागरी ने हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कठोर कार्यवाही का भरोसा दिलाने की कोशिश करते हुए टीआई कोतवाली विजय सिंह राजपूत को हटाने का आश्वासन दिया। बाद में एएसपी संदीप मिश्रा द्वारा सिटी कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत को हटाकर दमोह देहात भेजने तथा दमोह देहात थाना प्रभारी टीआई आनंद सिंह ठाकुर को कोतवाली का टीआई बनाए जाने की जानकारी दी गई है। इसके बाद हिंदू संगठनों ने धरना समाप्त करते हुए गोकशी मामलों में त्वरित सख्त कार्यवाही नही होने पर विशाल आंदोलन की चेतावनी दी है।

## क्षेत्र की तरक्की के लिए मील का पत्थर साबित होगा नवीन स्वास्थ्य केंद्रः विधायक

### 306 लाख की लागत से बन रहे नवीन स्वास्थ केंद्र का हुआ भूमि पूजन




**दमोह।** क्षेत्र के लोगों की तरक्की के लिए उनकी उन्नति के लिए बांसा तारखेडा का यह है नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। यह बात पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने बांसा तारखेडा में बन रहे नवीन स्वास्थ्य केंद्र के भूमि पूजन के दौरान कही। उन्होंने कहा इस मार्च तक इसका कार्य पूरा होना था परंतु किसी कारणवश इसका कार्य लेट प्रारंभ हुआ है, लेकिन जल्दी ही यह बनकर तैयार होगा और इसका लाभ सभी क्षेत्र वासियों को मिलेगा। दमोह का जिला अस्पताल कुछ वर्षों पहले कैसे हुआ करता था, आज आप जाकर देखिए प्रदेश के कुछ बड़े अस्पतालों को छोड़ दें, तो दमोह का अस्पताल शानदार है।उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव में जो आशीर्वाद क्षेत्र की जनता ने मुझे दिया है, इस उम्र में पार्टी ने मुझे टिकट दी, पार्टी का आदेश हुआ और मैं चुनाव लड़ा और आप सभी ने इतने प्रचंड मतों से मुझे जिताया। ज्ञात हो कि बांसा तारखेडा में 306 लाख रुपए की लागत से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आवास गृहों का निर्माण किया जाना है, जिसका भूमि पूजन आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर रश्मि/दीपक शेरू परिहार, नंदकिशोर तिवारी, राकेश नायक, डॉ जगत सिंह, नीरज राय, रोहन पाठक, शैलेन्द्र तिवारी, राम सिंह, अखिलेश हजारी, संतोष आठ्या, गुड्डा यादव, राजकुमार जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामवासियों की मौजूदगी रही।


## भैसों से भरे दो कंटेनर पुलिस ने पकड़े



**दमोह।** बटियागढ़ पुलिस भैसों से भरे दो कंटेनरों को पकडकर कार्यवाही की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक, अति. पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी पथरिया के द्वारा अवैध मवेशियो के परिवहन मे रोक लगाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। जो वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश के पालन मे थाना बटियागढ़ पुलिस को दौरान भ्रमण के मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो कन्टेनर मे भैसो को क्रूरता पूर्वक ठूस ठूस कर ले जा रहे है। जो मौके पर पहुंचकर दमोह से आ रहे दो कन्टेनर क्र **MP** 34 **ZB** 5810 एवं **UP** 70 **DT** 0693 को बटियागढ़ छतरपुर बायपास ग्राम घनश्यामपुरा के समीप रोककर तस्दीक मे दोनो कन्टेनर मे कुल 51-51 नग (भैसे एवं पड़ा) कीमती करीबन 5,00000-4,50000 लाख को ठूस-ठूसकर क्रूरतापूर्वक निर्दयता से ऊपर नीचे दो हिस्सो मे भर कर परिवहन कर रहे थे। जो दोनो कन्टेनरो में आरोपी मुकेश अहिरवार, छोटू उर्फ सलीम खान, शहजाद खान, मो. वकील कुरैशी, शहजाद खान सभी निवासी दमोह एवं आरोपी मो. असलम आलम खान, रिज्जू कुरैसी , मो.अशरफ खान, मो. शहीद खान कुल 09 आरोपीगणो का कृत्य अपराध धारा 11(1)(घ) पशुओ के प्रति क्रूरता अधिनियम, 6(क), 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 81/177 एम. व्ही. एक्ट दण्डनीय होने से उक्त 09 आरोपो को मय कन्टेनर एवं मवेशियो के थाना लाकर आरोपियो के विरुध्द अपराध क्र. 473/2023, 474/2023 पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। सराहनीय कार्य निरी. नेहा गोस्वामी थाना प्रभारी बटियागढ़, उपनिरी. शेष कुमार दुबे, सउनि बालमकुन्द सिंह, आरक्षक पवन यादव, आरक्षक विशाल सैनी, आर. नरेन्द्र सिंह, आर. पवन तिवारी, आर. भगत सिंह, आर. पंकज यादव, आर. भरत गंधर्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नौरादेही में बाघ और इंसान में हो सकता है संघर्ष, विस्थापन अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नौरादेही अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व तो घोषित कर दिया गया लेकिन अब तक यहां बसे पचास से ज्यादा गांवों का विस्थापन नहीं हो सका है। दरअसल विस्थापन न हो पाने का मुख्य कारण बजट की कमी है आलम यह है कि बाघ अपना क्षेत्र बढ़ाते जा रहे हैं। नौरादेही अभ्यारण्य में विस्थापन की धीमी रफ्तार 10 साल बीते 72 में सिर्फ 26 गांव हो पाए विस्थापित

टाइगर रिजर्व बनने के बाद भी हो रहा विलंब पूरा नहीं हुआ विस्थापन बढ़ रहा बाघों को ख़तरे का अंदेशा

तेंदूखेड़ा। नौरादेही अभ्यारण्य और दमोह जिले के रानी दुर्गावती वन्य जीव अभ्यारण्य को मिलाकर टाइगर रिजर्व तो बना दिया गया. लेकिन टाइगर रिजर्व के अंदर के 50 गांव अभी भी विस्थापन के लिए रह गए हैं। हालांकि 26 गांव विस्थापित हो चुके हैं और धीरे-धीरे विस्थापित गांवों में बाघ अपने टेरिटरी बनाने लगे हैं। ऐसे में इंसानों और बाघों के आमने-सामने आने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। एक तरफ विस्थापित हो चुके गांव की तरफ टाइगर रिजर्व के बाघ रूख कर रहे हैं और दूसरी तरफ जो गांव विस्थापित नहीं हुए है, उनके रहवासी अपने मवेशी चराने, जलाऊ लकडी इकट्ठा करने के लिए पहले की तरह जंगल का उपयोग कर रहे हैं. ऐसे में आम आदमी और टाइगर के बीच संघर्ष की आशंका बढ़ रही हैं। हालांकि टाइगर रिजर्व प्रबंधन लोगों को लगातार खतरे से आगाह कर रहा है और टाइगर रिजर्व के नियमों के बारे में जानकारी दे रहा है। दूसरी तरफ हाल ये है कि जिन गांवों का विस्थापन बाकी है, उसके लिए अब बजट ही नहीं बचा है। अब वन विभाग अगले वित्तीय वर्ष का इंतजार कर रहा है कि विस्थापन का बजट आए और विस्थापन के लिए तैयार हो रहे लोगों को मुआवजा और हर्जाना देकर विस्थापित किया जाए।

### कई बार हो चुका बाघों और इंसानों का आमना- सामना

पिछले दिनों नवम्बर माह में ऐसे ही एक घटना सामने आयी थी, जब विस्थापन के इंतजार में मोहली गांव का चरवाहा लालसिंह यादव अपनी भैंस की तलाश में साइकिल से जंगल पहुंचा था. जहां करीब 100 मीटर की दूरी पर ही लालसिंह का बाघ से सामना हो गया। बाघ ने भी लालसिंह को देखकर गुरुया, तो लालसिंह की सिट्टी- पिट्टी गुम हो गयी और लालसिंह उलटे पांव भागा और घर पहुंचकर बीमार हो गया। इसके अलावा विस्थापित हो चुके गांव में लोगों का आना जाना अभी भी जारी है। जबकि बाघिन राधा अपने कुनबे के साथ विस्थापित गांव आंखीखेडा और मोहली में टेरिटरी बना रही है। ऐसे में कई बार बाघिन लोगों को आंखीखेडा और घुघरी में चहलकदमी करती नजर आयी है। हांलाकि वनविभाग लोगों को जागरूक कर रहा है और टाइगर रिजर्व के बाद बने नियमों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

### टाइगर रिजर्व में विस्थापन बड़ी समस्या

मध्यप्रदेश के सातवें टाइगर रिजर्व के रूप में रानी दुर्गावती अभ्यारण्य आकार ले चुका है। 20 सितम्बर 2023 को बाकायदा टाइगर रिजर्व की अधिसूचना जारी हो चुकी है। अधिसूचना जारी होते ही टाइगर रिजर्व का कोर और बफर एरिया तय कर दिया गया है। वैसे तो नौरादेही अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व बनाने का प्रस्ताव जाते ही विस्थापन की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी। लेकिन विस्थापन पूरा हुए बिना टाइगर रिजर्व की अधिसूचना जारी कर दी गयी और अब टाइगर रिजर्व आकार लेने के बाद भी विस्थापन की प्रक्रिया जारी है।

### 50 गावों में शुरू नहीं हुई विस्थापन प्रक्रिया

टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार, अब तक 26 गांव पूरी तरह से विस्थापित हो चुके हैं और 8 से 10 गांव तैयार हो चुके हैं विस्थापन के लिए तैयार हैं. लेकिन अभी वन विभाग के पास 6 गावों के विस्थापन का पैसा आया है और इन 6 गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया जारी है. लेकिन करीब 50 गांव ऐसे हैं, जिनके विस्थापन की प्रक्रिया अभी शुरू ही नहीं हो पायी है. दरअसल वन विभाग के पास बजट का अभाव होने के कारण फिलहाल इन गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पायी है. वन विभाग का मानना है कि अगले वित्तीय वर्ष में ही विस्थापन के लिए बजट मिल पाएगा। तब जाकर जो गांव विस्थापित होने के लिए रह गए हैं, उनके विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## रचना ठाकुर को मिला इंडियन ब्यूटीशियन क्राउन अवार्ड



**दमोह।** स्थानीय इंदिरा कॉलोनी सिविल वार्ड नंबर 2 में निवास करने वाली रचना ठाकुर पिता नोने सिंह ठाकुर को भोपाल में आयोजित इंडियन ब्यूटीशियन क्राउन क्वीन अवार्ड से टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे जी के द्वारा सम्मानित किया गया। पिछले बहुत वर्षों से रचना ठाकुर ने बहुत संघर्ष किया इस दौरान उन्होंने कई मॉडलिंग शूट भी किये जिसमें फनममदे ब्यूटी पार्लर की मेकअप आर्टिस्ट अल्का मिश्रा का पूर्ण सहयोग मिला उनके मार्गदर्शन के कारण भोपाल में आखिरकार 22 दिसंबर 2023 को रचना ठाकुर को क्राउन फनममदे अवार्ड से सम्मानित किया गया अब रचना ठाकुर अगले साल दिल्ली में होने वाले क्राउन फनममदे अवार्ड को जीत कर दमोह का नाम पूर्ण भारत देश में रोशन करना चाहती हैं हम मिस रचना ठाकुर को बधाई देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।